Regarding Need to allocate funds for providing various facilities during upcoming Mahakumbh, 2027 in Shirdi Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे **(शिर्डी) :** महाकुंभ मेला 2027 महाराष्ट्र के नासिक शहर में त्र्यंबकेश्वर ज्योर्तिलिंग के पास गोदावरी नदी तट पर आयोजित होना है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे । इस दौरान कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालु कोपरगांव के शुक्राचार्य मंदिर, अगस्त्य आश्रम, पुरातन काल के अति प्राचीन मंदिर और गोदावरी नदी के कुछ ही दूरी पर भगवान श्रीराम मंदिर के साथ ही शिर्डी, जो देश का ही नहीं बल्कि विश्व का एक प्रमुख धार्मिक स्थल, शनि शिंगणापुर और यहां के अन्य प्रमुख ऐतिहासिक अति प्राचीन धार्मिक स्थलों में भी दर्शनार्थ जाएंगे । नासिक कुंभ मेले के दौरान शिर्डी संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त धार्मिक स्थलों में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने हेतु अब तक कोई भी तैयारी नहीं की गई है और न ही कोपरगांव स्थित गोदावरी नदी के तट पर घाटों का निर्माण करवाया गया है । मैं चाहता हूँ कि सरकार इस विषय का संज्ञान ले । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिस प्रकार नासिक कुंभमेला के लिए श्रद्धालुओं की सुविधार्थ राशि का आवंटन किया गया है उसी प्रकार शिर्डी संसदीय क्षेत्र में कुंभमेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु धनराशि का आवंटन अविलम्ब किया जाए ।